बेसहारों का सहारा...

॥ मानव सेवा तीर्थ ॥

Home for dying destitute, old & disabled.

# "अंकितग्राम" सेवाधाम आश्रम

स्थापना वर्ष 1989

# "Ankitgram" Sewadham Ashram

Established Year 1989

उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन का मुख्य सेवा प्रकल्प

Main Project of Ujjaini Senior Citizen's Forum(USCF),Ujjain

## पाक्षिक वृतांत

॥ मानव सेवा, माधव सेवा ॥

## Fortnightly Updates

1 जून से 15 जून 2025

1 June to 15 June 2025

नमस्कार,

**अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम** की सेवा गतिविधियों का पाक्षिक जानकारी पत्रक **जून माह** की आप तक साझा करने का छोटा-सा प्रयास कर रहे है। कृपया हमारे **सोश्यल मीडिया प्लेटफार्म** से नियमित रुप से जुड़कर, आपके सम्पर्क के सभी साथियों तक उक्त जानकारियों को साझा करने का प्रयत्न कीजिएगा।

ankitgramsewadhamashram.org | contact@ankitgramsewadhamashram.org | @ankitgrammgo

9425092505 | 7987768019

## 36 वर्ष पहले...









## और आज ....



सन् 1989 ( 36 वर्ष पूर्व ) में अनादि नगरी उज्जयिनी के पश्चिम द्वार पर, बिल्केश्वर महादेव मन्दिर के चरणों में गंभीर बांध के समीप, पंचकोसी मार्ग स्थित 12 एकड़ उबड़ खाबड़, बंजर भूमि से आज प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित होकर सेवातीर्थ के रुप में अपनी पहचान बना रही है।

## 1 जून से 15 जून तक की प्रमुख जानकारी

# सेवाधाम में वृद्धों का सम्मान कर विधिक सेवा प्रदान करने का संकल्प लिया
# सेवाधाम का कार्य अदभूत एवं हृदयस्पर्शी है।

- श्री राजेश कुमार गुप्ता (प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन)







जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन ने अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में फादर्स डे व विश्व बुजूर्ग दुर्व्यव्हार जागरूकता दिवस के अवसर पर वृद्धों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में सदगुरु देव के चित्र के समक्ष विकास दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि राजेश कुमार गुप्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधि सेवा प्राधिकरण उज्जैन, आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल, सीजेएम अश्विन परमार सहित विभिन्न पदों पर आसीन न्यायाधीशों ने वृद्धजनों का सम्मान दुपट्टा, मालवी पगड़ी पहनाकर किया, बच्चों ने मलखम्ब और एडवांस योगा का प्रदर्शन भी किया...








## श्री यून (कोरिया), श्री प्रणव एवं ललित (दिल्ली) द्वारा आश्रम का अवलोकन किया

# अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के परोपकारी आर्शीवाददाता गुरू भगवंत



आचार्यदेव पद्मभूषण प.पू.
श्रीमद् विजय रत्नसुन्दर सुरीश्वरजी म.सा.



देवर्षि पन्यास पूज्यपाद
श्री वज्रसेन विजयजी म.सा.



आचार्य देवेश परम पूज्य
श्री हेमप्रभ सुरीश्वरजी म.सा.



परमपूज्य यज्ञ सम्राट
स्वामी प्रखरजी महाराज

# "सनातन धर्म के अनुसार सेवा परमो धर्म का जीवंत उदाहरण है सेवाधाम"

- डॉ. अर्चना मजूमदार सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग भारत शासन



## मध्यप्रदेश के शासकीय दौरे पर आई
## डॉ. अर्चना मजूमदार

सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग भारत शासन ने उज्जैन प्रवास के दौरान आश्रम में हो रहे सेवा कार्यों का अवलोकन किया





डा. मजूमदार ने कहा कि यह सेवा कार्य केवल शब्द से बया नही हो सकता, यह सेवा कार्यक्रम चल रहा है इसमें वृद्ध, युवा एवं बच्चे महिलाऐ, बीमार बुजूर्ग, दिव्यांग, मानसिक दिव्यांग जिन्हें घर वाले रखने को तैयार नहीं है इन सभी दुखीजनों के लिए यहां उनको भगवान मान कर सेवा कार्य हो रहा है...



विक्रम विश्वविद्यालय
के **कुलगुरु**
**प्रो. डॉ. अर्पण भारद्वाज**
ने
**सेवाधाम आश्रम**
की
**सेवा गतिविधियों**
का अवलोकन किया







## 1 जून से 15 जून तक की प्रमुख जानकारी



सेवाधाम आश्रम के आराध्यदेव सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज



**बालकृष्ण मिश्रा** (जना बैंक हेड, इंदौर) एवम् **शैलेंद्र चितौड़ाजी** (ब्रांच मैनेजर, जना बैंक) को भाई जी द्वारा सेवाधाम मनोशिल्प भेंट की गई



सेवाधाम के परोक्ष समाजसेवी प्रेरणा पुंज अंकित गोयल



प्रसिद्ध आई.टी.एक्सपर्ट **श्री भूषण खुल्लर** परिवार सहित अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम आए



पौद्दार इंटरनेशनल की डायरेक्टर **नेहा सिंह चौहान** ने आश्रम का अवलोकन किया

**बल्लभगढ़ (हरियाणा) में बालाजी कॉलेज ग्रुप में देशभर से आए शिक्षकों की कार्यशाला का उद्‌घाटन किया, इस अवसर पर श्री प्रकाशजी मित्तल भी उपस्थित रहे।**











पूर्व मंत्री **श्री शिवनारायण जागीरदार** की दोयती एवं पुखराज पाठक के पुत्र अनिरुद्ध पाठक की बेटी, **वेधा** का पहला जन्मदिन परिवारजनों के साथ **अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम** में हर्षोल्लास के साथ मनाया, सुधीर भाई ने वेद मंत्रों से मंगलकामनाएं दी...



### छात्र जीवन में आश्रम आयी
## डॉ.कीर्ति सोनटके
### ने पिताजी का जन्मदिन मनाया

जी. डी. सी. की एन. एस. एस. छात्रा **डॉ.कीर्ति सोनटके** 17 वर्ष पहलें सेवाधाम आई थी, आज वे माधव विज्ञान महाविद्यालय में भौतिकी की प्रोफेसर हैं उन्होने पिताजी का जन्मदिन माताजी एवं परिवार के साथ अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम में मनाया, वाटर कूलर भेंट किया, आश्रमवासियों को विशेष भोजन कराया...






**यज्ञ सम्राट**
**स्वामी श्री प्रखर जी महाराज**
**के निर्देशन में**
**वास्तु के अवसर पर**
**इंदौर एवम् उज्जैन के**
**विद्वान पंडितों द्वारा**
**विशेष अनुष्ठान संपन्न,**
**इस अवसर पर**
**सदगुरु परिवार के**
**श्री जयदीप पुजारा सपत्नीक**
**आरती में सम्मिलित हुए**





## दिल्ली में श्री मणिन्द्र कुमार जैन के संयोजन में डॉ.वेद प्रताप वैदिक के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए













नई दिल्ली में देश के यशस्वी लेखक, चिंतक और राष्ट्रनिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक जी की पुण्यस्मृति में संगीतमय विनयांजलि संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री आचार्य प्रमोद कृष्णम जी (कल्कि पीठाधीश्वर), डॉ. मणीन्द्र जैन (मुख्य न्यासी, जनदक्षेस), पद्मभूषण श्री राम बहादुर राय जी (अध्यक्ष, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र), श्री के.सी. त्यागी जी (पूर्व सांसद), श्री एच.एन.शर्माजी (पूर्व राजनीतिक सलाहकार, स्व. प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी), श्री विपिन गुप्ता (न्यासी जन दक्षेस), अंतर्राष्ट्रीय बाँसुरी वादक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डा.मुजतबा हुसैन, मास्टरजी के साथ ही स्वामी सम्पूर्णानन्दजी सहित अनेक संत एवं विशिष्टजन, पत्रकार, लेखक आदि उपस्थित रहे।

## जयेश लूनियाजी के साथ समता युवा संघ ग्रुप बदनावर द्वारा अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम 1100+ परिवारजनों में विशेष भोज










**श्रीमती मंजू नरेन्द्रजी जैन का जन्मदिन परिवारजनों के साथ आश्रम में मनाया, सुधीर भाई ने वेद मंत्रों से मंगलकामनाएं दी**





**अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम परिवार में विश्वास जैन फूलजीबा परिवार वर्द्धमानपुर, बदनावर द्वारा विशेष भोज**














**श्री संजीव अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल, संतोष जी जैन, मौसमीजी गोयल, राजेश जी अग्रवाल (पूर्व उपाध्यक्ष, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम) संजय गोयल जी, विनोद जी जैन, मुस्कान जैन एवं दिव्यांशीजी जैन ने मिलकर कुशाग्र अग्रवाल का 20 वां जन्मदिन अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम के 1100+ परिवार के साथ मनाया**



## आश्रम अवलोकन

## उद्योगपति श्री अशोक जालान, आलोक जालान एवं विमला जालान हैदराबाद का आगमन






## शरबत का वितरण

**निर्जला एकादशी पर दिल्ली की एक बहन के माध्यम से रूहअफजा शरबत का वितरण हुआ**









## स्वजनों ने आश्रम में निवासरत परिजनों से मुलाकात की













# प्रवेश

## 1 जून से 15 जून तक- 38 प्रवेश हुए



बालाघाट से महिला को प्रवेश दिया गया





शकीना बेगम टोकखुर्द, देवास को थाना टोकखुर्द DSP दीपा माड़वे की अनुशंसा पर
प्रधान आरक्षक शकुंतला और संतोष रावत, सुनील रावत अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम छोड़ने आए



## इंदौर कलेक्टर की अनुशंसा पर 34 भिक्षुकों को आश्रम में प्रवेश दिया गया।





बहुदिव्यांग
शौर्य माली (10 वर्ष)
बाल कल्याण समिति
मंदसौर
की
अनुशंसा पर प्रवेश



पंजाब निवासी
दिव्यांग अरविंदर सिंह
(45 वर्ष)
स्वयं की इच्छा से
आश्रममें
रहने आए



### प्रवेश–38

| अनुशंसाएँ | पुरुष | महिला | बच्चा | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कलेक्टर जिला इन्दौर की अनुशंसा पर प्रवेश | 16 | 18 | | 34 |
| डीएसपी देवास एवं थाना प्रभारी थाना टोकखुर्द द्वारा प्रवेश | | 1 | | 1 |
| बाल कल्याण समिति, मन्दसौर | | | 1 | 1 |
| श्री रमेश मराठेजी आईजी (रिटा.) बालाघाट की अनुशंसा | | 1 | | 1 |
| स्वेच्छा से | 1 | | | 1 |
| | | | | 38 |

### मृत्यु की जानकारी

एक बहुदिव्यांग, बिस्तरग्रस्त बालिका का अनेक बार एम.व्हाय.हास्पिटल, उज्जैन एवं निजी चिकित्सकों के इलाज के बाद भी जीवन नहीं बच सका।



वाराणसी से आई इंटर्न मनोरमा और नंदनी के साथ एम्बुलेंस से चरक भवन अस्पताल उज्जैन भेजकर फादर्स-डे पर पिता के दायित्व का निर्वाह किया

चार आश्रमवासी चरक अस्पताल, उज्जैन में भर्ती है।



## पुर्नवास

# 1 से 15 जून तक एच.आई.वी. पीड़िता सहित 20 परिवार में पुर्नवास

माह जून 2025 में 20 परिवार से परित्यक्तों का परिवार को समझाईश एवं कांउसलिंग कर परिवार में पुनर्वसित किया, जिनमें उन्नीस-महिला एवं बाल विकास विभाग इन्दौर की अनुशंसा पर भिक्षुकों का पुनर्वास एवं एक-माता पिता के साथ एच.आई.वी. पीड़ित महिला परिवार में पुर्नवसित...

















मीराबाई पति भगवान यादव (खरगोन)
पोते ऋषभ और पुत्र राजेश यादव के साथ घर गयी





आश्रम में निवासरत कैंसर, टी.बी., एच.आई.वी. संक्रामक और बिस्तरग्रस्त रोगियों हेतु 30 हजार स्के.फीट में निर्माणाधीन सेवालय की पूर्णता बिना आपके सहयोग के संभव नहीं...

सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें।
Account Name: SEWADHAM ASHRAM
Account number: 038194600000563



# विश्व पर्यावरण दिवस पर अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ एक लाख औषधिय पौधे लगाने और प्रेरणा का संकल्प लिया





पर्यावरण के संकल्प के साथ औषधिय गुणों के एक लाख पौधों को आश्रम और मालवा क्षेत्र में लगाने और प्रेरणा देने का संकल्प लिया, इस अवसर पर हैदराबाद के उद्योगपति श्री अशोक जालान, आलोक जालान एवं विमला जालान उपस्थित रहे।



## अंकितग्राम, सेवाधाम में बोहरा समाज द्वारा ईद-ए-गदीर पर पौधारोपण किया

ईद-ए-गदीर पर्व के मौके पर बोहरा समाज के समाजसेवी हाजी मुल्ला कुतुब फातेमी के नेतृत्व में ताहिर अली नागपुरवाला, दिनेश हरभजनका, विक्रमसिंह पटेल एवं खोजेमा प्रेसवाला ने आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल के साथ पौधारोपण कर, कुतुब भाई ने रू.25200 का चेक भेंट किया।





## गुजरात की सामाजिक कार्यकर्ता शिवांगी वोरा, महाराष्ट्र की पायलट आरोही पंडित अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम में अवलोकन







## अहमदाबाद के भीषण विमान हादसे में मृतकों को आत्मशांति की प्रार्थना के साथ मौन श्रद्धांजलि दी गई एवं परिवार की साता हेतु भी विशेष प्रार्थना की।

इस अवसर पर सुधीर भाई के साथ गुजरात की सामाजिक कार्यकर्ता शिवांगी वोरा, महाराष्ट्र की पायलट आरोही पंडित जिन्होंने 19 वर्ष में पायलट की जिम्मेदारी संभाली और 4 विश्व रिकॉर्ड बनाए के साथ इंदौर देवास सहित अनेक स्थानों के अतिथि और पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे...



**आपकी सहभागिता इस प्रकार तय की जा सकती है -**

- पूर्ण या अल्प काल के लिए समयदानी के रुप में
- मानवता की सेवा में अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग
- अपने राज्य, संभाग, जिले, नगर, गांव में आश्रम की शाखाओं के माध्यम से मानव सेवा -माधव सेवा के पुनीत यज्ञ में सहभागी हो सकते है...

**सेवा की बात साथियों, मित्रों परिचितों रिश्तेदारों और सोश्यल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाकर भी आप अभिनन्दनीय कार्य कर सकते है।**

आश्रम में 11 हजार से ज्यादा ईश्वरीय परिवार की सेवा की गयी, वर्तमान में लगभग 1100 बेघर, बेसहारा,सड़क अस्पताल, बस रेल्वे स्टेशन पर पड़े निराश्रित, मरणासन्न, मनोरोगी, दिव्यांग, बहु दिव्यांग, पीड़ित, शोषित, गर्भस्थ पिडिता एवं उनके बच्चों के साथ, 100 वर्ष तक के बुजुर्गों की सेवा का स्थल जहां बिना किसी जाति धर्म, सम्प्रदाय, क्षैत्र, भेद के भारत के सभी राज्यों से ईश्वरीय परिवार के सदस्य है।

बाबा महाकाल की नगरी में आश्रम के द्वार चौबीसों घण्टें आपके आगमन सत्कार के लिए खुले हैं। आश्रम की नित्य आवश्यकताओं और निर्माण, विकास और सेवा कार्यों में सहयोगी हो सकते है। अपनी क्षमतानुसार नवनिर्माण में 2100 /- प्रति स्क्वेयर फीट, आश्रम परिवार की देखभाल, चिकित्सा, शिक्षा, विविध प्रशिक्षण, काउंसलिंग और अन्य कार्यों में सहयोगी हो सकते हैं।

**आश्रम का नवनिर्माण आपके सहयोग से ही निर्भर है, आईये आप और हम मिलकर अच्छी से अच्छी सुविधाओं के लिए हम निरन्तर प्रत्यन करें और हमारे सभी जानने वाले को भी इसकी जानकारी साझा करें।**

सेवाधाम आश्रम को सी.एस.आर., विदेशी सहायता (एफसीआरए) एवं 80जी के अन्तर्गत दान लेने की पात्रता है
**Ujjaini Senior Citizens Forum (FCRA)**
**SBI Ac No. : 40108965039**

सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें। आप चाहें तो सीधे हमारे बैंक अकाउंट (YES BANK) में भी सहयोग कर सकते हैं:
Account Name: **SEWADHAM ASHRAM**
Account number: **038194600000563**